शिक्षक पंचायत में शिक्षकों के स्थानांतरण व पदोन्नति करने के मुद्दों पर की चर्चा

बीकानेर, (कासं)। पुरानी पेंशन योजना की निरंतरता सुनिश्चित करने, अध्यापकों के स्थानांतरण , पदोन्नति करने और शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्त करने आदि मुद्दों को लेकर आज जिले में 'शिक्षक पंचायत' का आयोजन किया गया।

राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने जिले में आज शिक्षक पंचायत का सफल आयोजन किया गया। प्रदेश उप सभाध्यक्ष रेवंत राम गोदारा ने बताया कि राज्य सरकार के रूख से पुरानी पेंशन योजना पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। इससे राज्य के कर्मचारी आशंकित हो गए हैं और उनमें आक्रोश व्याप्त होता जा रहा है। प्रदेश मंत्री श्रवण पुरोहित ने बताया कि अध्यापकों के स्थानांतरण के मुद्दे पर शिक्षकों के सब्र का बांध टूटने लगा है और शिक्षकों में भारी गुस्सा है।

बीकानेर में शिक्षक पंचायत को प्रदेश उप सभाध्यक्ष रेवंत राम गोदारा ने संबोधित किया।

शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेशाध्यक्ष के.आर. सियाग ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट द्वारा पारित नई यूनिफाइड पेंशन स्कीम राज्य पर भारी आर्थिक दबाव लेकर आयेगी जबकि ओपीएस से कोई घाटा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में इसके साथ छेड़छाड़ की कोशिश हुई तो इसे राज्य का कर्मचारी बर्दाश्त नहीं करेगा। सरकार इसे बंद करके यूपीएस लागू करना चाह रही है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को गुमराह एवं भ्रमित करने के लिए एनपीएस के स्थान पर यूपीएस लागू करने का विकल्प दिया है। इससे कर्मचारियों में भारी बेचैनी है।

राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य संजय पुरोहित ने आरोप लगाया है कि राजस्थान की पूर्ववर्ती सरकार ने एनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना राज्य में पुनः लागू कर दी थी परंतु राज्य में सत्ता बदलने के बाद सरकार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन की निरंतरता के संबंध में आश्वस्त करने के लिए तैयार नहीं है।

जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र भाटी ने बताया राज्य के अध्यापक वर्षों से न्यायपूर्ण स्थानांतरण की बाट जोह रहे हैं। सरकारें बदल जाती है परंतु अध्यापकों के तबादले नहीं हो रहे हैं। इससे राज्य के शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सभी संवर्गों के शिक्षक पदोन्नति के लिए वर्षों से इंतजार कर रहे हैं। पदोन्नति में लगातार विलम्ब से शिक्षक खासा नाराज हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष आदूराम मेघवाल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निहित शिक्षक, विद्यार्थी तथा आमजन विरोधी प्रावधानों और शिक्षकों पर थोपे गए अनगिनत गैर शैक्षिक कार्यों ने सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौती पैदा कर दी है। शिक्षकों के लिए असहनीय हालात पैदा हो गए हैं। इस शिक्षक पंचायतों में आगे के आंदोलन और कार्यक्रमों की घोषणा की गई।

- **18 सितम्बर को शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर निदेशालय पर प्रांतीय आव्हान पर एक दिवसीय धरने का फैसला लिया**

जिला मंत्री महेन्द्र भंवरिया ने बताया कि 18 सितम्बर को शिक्षकों की विभिन्न मांगों का लेकर निदेशालय पर प्रांतीय आव्हान पर एक दिवसीय धरना रखा जायेगा जिसमें पूरे राजस्थान से हजारों की संख्या में शिक्षक धरने में भाग लगे। आज की पंचायत में जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह भाटी, जिला जिला मंत्री महेन्द्र भंवरिया, प्रदेश मंत्री श्रवण पुरोहित, प्रदेश उप सभाध्यक्ष रेवंत राम गोदारा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय पुरोहित, पूर्व जिला अध्यक्ष आदूराम मेघवाल पूर्व जिला मंत्री शिवशंकर गोदारा, राजेश तरड़, ब्लॉक अध्यक्ष गणेश चौधरी, ब्लॉक मंत्री सोहन कूंकणा, पूगल ब्लॉक मंत्री सहजाद अली, पांचू ब्लॉक मंत्री रामनिवास गोदारा आदि मौजूद थे।

पत्नी को फांसी पर लटकाने वाले पति को उम्रकैद

बीकानेर, (कासं)। दहेज के लिए महिला को परेशान करने और बाद में मारकर फांसी पर लटकाने के आरोप से जुड़े एक मामले में अदालत ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला बीकानेर के अपर सेशन न्यायालय (महिला उत्पीड़न) में चल रहा था जहां गुरूवार को फैसला सुनाया गया।

मामले के अनुसार चार मार्च 2021 को ईदा नामक महिला का शव फंदे से लटका हुआ मिला था। इस पर ईदा के पिता ने नाल पुलिस थाने में फारुख अली पुत्र फखरूदीन के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। आरोप था कि फारुख ने पत्नी ईदा को मारकर फांसी पर लटका दिया। उसे दहेज के लिए परेशान किया गया था। पुलिस ने इस मामले में अगस्त 2021 में चालान पेश कर दिया। जिसके बाद पक्ष और विपक्ष दोनों में लम्बी बहस चली।

मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 10 गवाह पेश किये गए। अदालत ने फारुख को अलग-अलग धाराओं में सजा देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुना दी है। इसमें दहेज से जुड़ी धारा 498 ए और 304 बी भी शामिल हैं। दोनों धाराओं में फारूख को दोषी माना गया है। सभी सजा एक साथ चलेगी, जिसमें सबसे बड़ी सजा आजीवन कारावास है। मामले में अपर लोक अभियोजक गणेशराम गहलोत की भूमिका रही।

सार-समाचार

प्रभा भार्गव को अचीवमेंट अवार्ड

सावित्री बाई फुले लाइफ टाइम अचीवमेंट शिक्षिका सम्मान से डॉ प्रभा भार्गव को नवाजा।

बीकानेर,(कासं)। सावित्री बाई फुले एजुकेशनल एंड सोशल अवेयरनेस सोसायटी की ओर से शिक्षिका लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2024 डॉक्टर प्रभा भार्गव को अर्पित किया गया। मीडिया प्रभारी राहुल यादव ने बताया कि संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर कप्तान चंद ने व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉक्टर भार्गव ने शैक्षणिक और सामाजिक जागरूकता को बढ़ाने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। डॉ भार्गव ने डूंगर कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान की विभाग अध्यक्ष रहते हुए कई पुस्तकें लिखी। कई शोधार्थियों को डॉक्टरेट की डिग्री करवाई। 110 शोध पत्र प्रकाशित करवाने के साथ-साथ कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों में भागीदारी निभाई। संस्था सचिव डॉक्टर सीमा जैन ने बताया कि सामाजिक सरोकारों में भी प्रभा मैडम का विशाल दायरा है। इन्होंने दुष्कर्म विरोधी टास्क फोर्स, वरिष्ठ जन, महिलाओं और बच्चों के उत्थान के लिए टास्क फोर्स का भी गठन किया। न्याय पालिका में भी खूब सहभागिता निभाई तथा कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता फैलाने का काम किया। ऐसे में संस्था के सभी सदस्यों ने एकमत होते हुए शिक्षक लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान 2024 डॉ प्रभा भार्गव को दिया गया।

नंदकिशोर की जीत पर जश्न

भाजपा कार्यालय में वार्ड तीन से उपचुनाव में जीते भाजपा प्रत्याशी नंदकिशोर गहलोत को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

बीकानेर, (कासं)। नगर निगम वार्ड तीन के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी नंदकिशोर गहलोत ने अपने प्रतिद्वंदी को 902 वोट से पराजित कर जीत दर्ज की है। भाजपा जिला कार्यालय में शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य की अगुवाई ने नव निर्वाचित पार्षद को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जमकर गुलाल उड़ाई और पटाखे चलाकर खुशी मनाई। जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने बताया कि प्रदेश में 14 जगह उपचुनाव में भाजपा पहले दो सीट पर काबिज थी और अब इसकी संख्या दोगुनी होकर चार हो गई। कांग्रेस पहले 8 सीट पर काबिज थी, जिसकी संख्या घटकर अब 6 रह गई है। आज इस जश्न में महामंत्री मोहन सुराणा, नरेश नायक, उपाध्यक्ष हनुमान सिंह चावड़ा, आनंद सिंह भाटी, विजय उपाध्याय, मंत्री मनीष सोनी, सांगीलाल गहलोत, जगदीश सोलंकी, भारती अरोड़ा, शिवकुमार रंगा, सोहन चांवरिया, रमजान कछावा, सुशील शर्मा, नृसिंह सेवग, जेठमल नाहटा, अजय खत्री, अभय पारीक, पुनीत शर्मा सरिता नाहटा, अंकित तंवर, रामकुमार व्यास उपस्थित थे।

एसपी ने किया टी शर्ट का विमोचन

एस. पी. तेजस्विनी गौतम ने भचीड उपाड संघ के टी शर्ट का विमोचन किया।

बीकानेर, (कासं)। 10 सितम्बर को लगने वाले पूनरासर मेले को लेकर बीकानेर में सेवादार सेवा के लिए जुट गए है। बीकानेर जयपुर बाईपास से दो किलोमीटर आगे सांगवा होटल के पास लगने वाली भचीड़ उपाड़ मंडल संस्थान की सेवा की टी शर्ट का विमोचन एस पी तेजस्विनी गौतम ने किया। इस मौके पर संस्था के शिव जोशी, राहुल, गोविंद मीणा, अरविंद बोड़ा, योगेश बोहरा, भीम जोशी, प्रदीप गुप्ता मौजूद थे। एस पी ने कहा कि सेवा के साथ- साथ सेवादार पैदल जातरूओं को सुरक्षित यात्रा करने का आग्रह भी लगातार करते रहें। लोगों को मेले में शांति व्यवस्था भी बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की बात भी कही।

1.80 करोड़ से होगा 992 किमी सड़कों का पैचवर्क

बीकानेर, (कासं)। मानसून सीजन बीतने को है। थोड़ा सा और धैर्य रखें सड़कें ठीक होने वाली हैं। पीडब्लयूडी और नगर विकास न्यास ने तो सड़क रिपेयर कराने की तैयारी भी कर ली हैं। पीडब्लयूडी के पास 80 लाख और यूआईटी के पास एक करोड़ का बजट पैचवर्क कराने के लिए है।

चिंता उन सड़कों की है जो लाइबिलिटी पीरियड में हैं। उन सड़कों की समस्या है जो हैं तो लाइबिलिटी पीरियड में मगर उन्हें सीवरेज और पीएचईडी ने किसी काम से तोड़ कर डेमेज किया है। लाइबिलिटी पीरियड की सड़कें ठेकेदार की जिम्मेदारी है कि रिपेयर कराएं। यूआईटी के पास 800 किमी और पीडब्लयूडी के पास शहर में 692 किमी सड़कें हैं।

यूआईटी के पास 150 किमी लाइबिलिटी वाली और पीडब्लयूडी के पास 350 किमी लाइबिलिटी पीरियड में हैं। विभाग ठेकेदारों को पाबंद कराएं तो एक महीने में करीब 350 किमी सड़कें ठीक हो जायेगी। यूआईटी के पास भी करीब 150 किमी सड़कें लाइबिलिटी पीरियड वाली हैं। विभाग सख्ती करें तो 500 किमी सड़क सही हो जायेगी।

पैचवर्क के लिए कुल 992 किमी सड़कें बचेंगी। लगभग 100 किमी सड़कें ऐसी हैं जिन्हें सीवरेज की खुदाई, पीएचईडी के चल रहे कामों के कारण तोड़ा गया। इनकी रिपेयरिंग तोड़ने वाली एजेंसी को कराना होता है। ये काम भी यूआईटी, पीडब्लयूडी या नगर निगम करायेगा पर संबंधित एजेंसी से पैसा लेना होगा। कलेक्टर अगर इन तीनों एजेंसियों को इस काम के लिए पाबंद करें तो शहर की एक तिहाई दशा सुधर जायेगी।

पीडब्लयूडी के पास 80 लाख का बजट पैचवर्क के लिए है। इससे भी अच्छा है कि यूआईटी ने पैचवर्क के लिए प्रत्येक जोन के लिए 25-25 लाख रूपए सुरक्षित रखे हुए हैं। 4 जोन में करीब एक करोड़ रूपए से सड़कें दुरुस्त होंगी। प्रत्येक जोन के लिए एआरसी के टेंडर किए हैं। प्रशासन यदि सख्ती से संबंधित विभागों को पाबंद करें और 15 सितम्बर के बाद पैचवर्क शुरू करा दें तो हालात सुधर जाएंगे। पीडब्लयूडी के पास मानसून सीजन में भी गडढे भरने का विकल्प है लेकिन ये बातें कलेक्टर तक इंजीनियर जाने नहीं देते। कुछ समय पहले ही पीडब्लयूडी के चीफ इंजीनियर ने पत्र जारी कर बारिश सीजन में सड़कें सही करने के लिए एस्टीमेट मांगा था। उसमें एक ऑप्शन ठंडे डामर से सड़कों को मरम्मत करना तो है ही। अगर बड़े गड्?ढे हों तो वैलास्त यानी ढाई से 3 इंच की ग्रिट और 15 प्रतिशत मौरम मिलाकर गड्ढे भरने का विकल्प चलती बारिश में ठीक करने की जिम्मेदारी भी दी गई। इसे डब्लयूजीएम पैच कहा जाता है। अच्छी बात ये है कि इसके बाद जब डामर करना हो तो इसी के ऊपर डामर आसानी से हो सकता है।

मानसून सीजन को लेकर यूआईटी, नगर निगम और पीडब्लयूडी पैचवर्क और नई सड़कें बनाने का काम नहीं कर रहे। मौसम विभाग के अनुसार बीकानेर में अब ज्यादा बारिश नहीं होनी। ऐसे में 15 सितम्बर के बाद सड़कों का काम कराया जा सकता है। तब तक मेलों में गए श्रमिक भी वापस आ जाएंगे। पीडब्लयूडी के पास 692 किमी की सड़कें हैं।

रास्ता बंद करने से लोगों में रोष

सूरतगढ़, (कासं)। सूरतगढ़ उपखंड कार्यालय के पास रेलवे के सर्कुलेटिंग एरिया की तरफ जाने वाले वर्षों पुराने रास्ते को रेलवे इंजीनियर विभाग द्वारा बंद करवा देने से लोगों में आक्रोश पनप गया।

इसे लेकर रेल विकास संघर्ष समिति के सदस्यों ने मंडल रेल प्रबंधक के नाम स्टेशन अधीक्षक राजसिंह शेखावत को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपकर रेल प्रशासन को चेतावनी दी कि 24 घंटे के भीतर इस आम रास्ते को नहीं खोला गया तो आंदोलन शुरू किया जायेगा। रेल विकास संघर्ष समिति के एडवोकेट ललित किशोर शर्मा ने बताया कि लोग टिकट काउंटर तक जाने के लिए सालों पुराने इस रास्ते का इस्तेमाल करते आ रहे हैं। बीते कुछ समय से रेल अधिकारियों ने इस रास्ते के आगे एक पेड़ रखकर अवरोधक लगा रखा था। मगर बीती रात यहां पर स्थाई रूप से दीवार बना इसे बंद ही कर दिया गया जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर कन्हैयालाल सोनगरा से भी मिलकर इस रास्ते को खुलवाने की मांग का जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

विदेश भेजने के नाम पर 8.5 लाख रूपए हड़पे

हनुमानगढ़, (कासं)। विदेश भेजने के नाम पर 8.5 लाख रूपए हड़पने के आरोप में इमीग्रेशन एवं कन्सलटेंसी कंपनी के मालिक, उसके बेटे सहित तीन लोगों के खिलाफ जंक्शन पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया।

इस्तगासे के जरिए दर्ज हुए मुकदमे में दलजीत सिंह पुत्र तरसेम सिंह निवासी जंडावाली ने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व वह विदेश जाना चाहता था। इसके लिए उसने जंक्शन स्थित एईई इमीग्रेशन एवं कन्सलटेंसी कंपनी के मालिक एडवोकेट सोमप्रकाश शर्मा पुत्र रामकिशन शर्मा निवासी मक्कासर से सम्पर्क किया और बताया कि वह वर्क वीजा पर इंग्लैण्ड जाना चाहता है।

सोमप्रकाश शर्मा ने कहा कि 24 लाख 50 हजार रूपए में वह उसका इंग्लैण्ड का वीजा लगवा देगा। बाद में पता चला कि एईई कंपनी सोमप्रकाश शर्मा के पुत्र चन्दनदीप व डिप्टी सिंगला पुत्र प्रवीण सिंगला निवासी नई आबादी, टाउन की पार्टनरशिप फर्म है। इसका कर्ता-धर्ता सोमप्रकाश शर्मा है। उसने अलग-अलग समय में 17 लाख 50 हजार रूपए सोमप्रकाश शर्मा, डिप्टी सिंगला व चन्दनदीप को दे दिए।

- **कन्सलटेंसी कंपनी के मालिक, बेटे सहित 3 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

कुछ समय तक यह लोग उसे झांसे में लेकर विश्वास दिलाते रहे और कहते रहे कि आपकी प्रक्रिया चल रही है। जबकि वास्तव में किसी प्रकार की कोई कार्रवाई वीजा लगवाने के संबंध में इन्होंने नहीं की। अक्टूबर 2023 में सोमप्रकाश शर्मा ने उसे सूचना दी कि उसका वीजा लग गया है। वह विदेश जाने की तैयारी करें।

इस पर उसने अपने परिवार वालों व रिश्तेदारों को एकत्रित किया व समारोह का आयोजन किया। विदेश जाने के लिए करीब तीन लाख रूपए की खरीदारी की लेकिन सोमप्रकाश शर्मा वगैरा ने उसे धोखे में रखते हुए वीजा संबंधी कोई कागजात नहीं दिखाए। सभी कागजात इन्होंने अपने पास रख लिए।

नगर परिषद वार्ड -25 से कांग्रेस की राजविंद्र जीती

श्रीगंगानगर, (कासं)। नगर परिषद के वार्ड 25 के पार्षद पद के उपचुनाव में कांग्रेस की राजविंद्र अरोड़ा विजयी हुई हैं। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा की निर्मलजीत कौर को 90 वोट के अंतर से हराया। राजविंद्र कौर की जीत की घोषणा के साथ ही समर्थकों ने रंग गुलाल उड़ाकर व ढोल की थाप पर नाचकर खुशी मनाई।

पार्षद पद के लिए गुरूवार को वोटिंग हुई थी। चौधरी मालूराम भांभू गवर्नमेंट पोलिटेक्निक कॉलेज कैम्पस में वोटिंग के वाद ईवीएम को तहसील परिसर में पूरी सुरक्षा के बीच रखवाया गया। काउंटिंग शुक्रवार को सुबह ठीक 9 बजे शुरू हुई। काउंटिंग में उपयोग हुई 2 ईवीएम में से पहली से काउंटिंग शुरू करने के साथ ही इसमें तकनीकी खामी आ गई। इससे काउंटिंग करीब 20 से 25 मिनट देरी से शुरू हुई। इस दौरान कांग्रेस की राजविंद्र अरोड़ा और भाजपा की निर्मलजीत कौर कांउटिंग सेंटर पहुंच चुकी थी। यहां सुबह करीब साढ़े 9 बजे तकनीकी खामी दूर करने के बाद काउंटिंग शुरू हुई। इसमें राजविंद्र कौर विजयी घोषित की गई।

वोटिंग के दौरान 1365 वोटर्स ने वोटिंग की। कांग्रेस की राजविंद्र अरोड़ा को 722 और भाजपा की निर्मलजीत कौर को 632 वोट मिले। नोटा को 11 वोट मिले। राजविंद्र अरोड़ा को 90 वोट से विजयी घोषित किया गया।

अज्ञात शव का अंतिम संस्कार

देशनोक, (कासं)। अज्ञात व्यक्ति की शिनाख्त नहीं होने पर सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों की ओर से नगर पालिका देशनोक के पीछे मुक्ति धाम में हिन्दू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार कर दिया।

एएसआई हनुमंत सिंह ने बताया कि देशनोक पलाना के बीच रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षिप्त अवस्था में शव मिला। शव की शिनाख्त नहीं होने पर देशनोक सीएचसी मोर्चरी में रखवाया गया। पार्षद जगदीश प्रसाद शर्मा, छन्याति ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष महावीर प्रसाद उपाध्याय, चिरागदीन राठौड़, कांस्टेबल तेजाराम, पालिका के कर्मचारियों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया।

दो सगी बहनों से गैंगरेप मामले को लेकर सूरतगढ़ में प्रदर्शन

सूरतगढ़,(कासं)। हनुमानगढ़ जिले के संगरिया तहसील के गांव नुकेरा में दो सगी बहनों के साथ गैंगरेप के आरोपियों को फांसी देने की मांग को लेकर शुक्रवार दोपहर को सूरतगढ़ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विधायक डूंगरराम गेदर, पूर्व विधायक राजेन्द्र भादू, नगर अध्यक्ष जयप्रकाश गहलोत, वरिष्ठ नेता बलराम वर्मा के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन नायब तहसीलदार महावीर प्रसाद शर्मा को सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि 19 जुलाई को संगरिया के नुकेरा गांव में दो नाबालिग बहनों को उनकी मां स्कूल छोड़कर आई थी। उसके बाद कोई अज्ञात व्यक्ति उन्हें बहला फुसला कर भगा ले गया और दोनों नाबालिग के साथ गैंगरेप किया गया। विधायक डूंगरराम गेदर ने कहा कि नहीं सहेगा राजस्थान जैसे नारे देकर सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी की सरकार में पूरे राजस्थान में अराजकता का माहौल बना हुआ है।

प्रदर्शन के दौरान जिला महामंत्री भीम जोशी, ओमप्रकाश गिला, योगेश मेघवाल, कृष्ण जालप, विक्रम सिंह खींची, सतनाम वर्मा, अनिल कूंकणा, अमर सिंह राठौड़, युवा नेता अक्षर नायक, साहिल गेदर, भवानी भाट, कुलदीप अरोड़ा, गोपाल आसेरी, विष्णु आसेरी, श्योपत भोभरिया, गोपाल घोड़ेला, शाहनवाज बोदला, प्रमोद ज्याणी, भवानी शंकर भोजक, नाथूराम कलवासिया, ओमप्रकाश स्वामी, लेखचंद नायक, राकेश नायक, सचिन नोखवाल, विशाल बिश्नोई, मोहित बढान, पंकज शर्मा, अनिल खोरवाल, सोनू सुथार, करण लिंबा, जॉर्डन नायक सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

सरकारी कार्यालयों में राजभाषा हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने का आव्हान

बीकानेर, (कासं)। सरकारी कार्यालयों में राजभाषा हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यालय संपर्क कार्यक्रम शुक्रवार को प्रारंभ किया गया।

राजभाषा संपर्क अधिकारी हरिशंकर आचार्य ने बताया कि पहले दिन चौपड़ा कटला स्थित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र और उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को राजभाषा के महत्व एवं उपयोग के बारे में बताया गया।

इस दौरान आचार्य ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार सरकारी कार्यालयों की सभी पत्रावलियां, आदेश सहित समस्त पत्र व्यवहार हिन्दी में किए जाएं। उन्होंने कार्मिकों से हिन्दी में हस्ताक्षर करने का आव्हान भी किया। उन्होंने बताया कि हिन्दी दिवस तक अन्य कार्यालयों में भी संपर्क किया जायेगा। जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा ने कहा कि हिन्दी हमारे स्वाभिमान से जुड़ी भाषा है। यह जन-जन की भाषा है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को हिन्दी की अहमियत के बारे में बताएं, जिससे आने वाले समय में हिन्दी और अधिक सशक्त बनें।

हिन्दी के प्रोत्साहन के लिए कार्यालय संपर्क कार्यक्रम को राजभाषा संपर्क अधिकारी हरिशंकर आचार्य ने संबोधित किया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार ने कहा कि हिन्दी पूरे देश को एक कड़ी में जोड़ने की खूबी रखती हैं। हिन्दी सशक्त होगी तो राष्ट्र उन्नति के पथ पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने हिन्दी दिवस और इसके महत्व के बारे में बताया और कहा कि दैनिक जीवन में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग सुनिश्चित किया जाए।

- **सभी ने हिन्दी का अधिक से अधिक उपयोग करने की शपथ ली**

उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक हरगोबिंद मित्तल ने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर हिन्दी का मान बढ़ा है। दुनिया भर के विश्वविद्यालयों ने हिन्दी से जुड़े पाठ्यक्रम प्रारंभ किए हैं। विभिन्न देशों के विद्यार्थी हिन्दी पढ़ने के लिए भारत आ रहे हैं। उन्होंने हिन्दी की साहित्यिक परंपरा के बारे में भी बताया। इस दौरान सभी ने हिन्दी का अधिक से अधिक उपयोग करने की शपथ ली। इस दौरान जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया मौजूद थे।

पर्युषण महापर्व का छठा दिन जप दिवस के रूप में मनाया

बीकानेर, (कासं)। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा गंगाशहर के तत्वावधान में तेरापंथ भवन गंगाशहर में युगप्रधान आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी चरितार्थ प्रभा एवं साध्वी प्रांजल प्रभा के सानिध्य में आज पर्युषण महापर्व के छठे दिन जप दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर साध्वी श्री चरितार्थ प्रभा जी ने अपने मंगल उद्बोधन में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव का महात्म्य बताते हुए कहा कि लोक में प्रकाश जब जब होता है जब तीर्थंकरों का जन्म महोत्सव हो, दीक्षा कल्याणक हो, कैवल्य ज्ञान का महोत्सव, तीर्थकरों का निर्वाण-मोक्ष को प्राप्त करें।

पूरे जगत में अंधकारमय वातावरण तब बनता है जब तीर्थंकरों द्वारा भाषित धर्म का लोप हो, 14 पूर्वी ज्ञान लुप्त हो, अग्नि समाप्त हो जाए, अरिहंत भगवान न हो, तब पूरे जगत में अंधकार हो जाता है।

साध्वी श्री ने अपने प्रवचन में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि थोड़ी उम्र मिले और वह सुख शांति से बीते तो सबसे अच्छा, लेकिन अधिक उम्र मिले और दुर्भाग्य साथ रहे, कष्ट रहे, बीमारियां रहे तो अधिक उम्र मिलना भी कष्टकारी है। भगवान महावीर के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जन्म के साथ ही दास प्रथा को समाप्त करने की दृष्टि से अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया। राजा सिद्धार्थ ने जन्म की सूचना के साथ ही दासीयों को दास्तत्व से मुक्त कर दिया व आभूषण उपहार में दिए।

तेरापंथ भवन गंगाशहर में पर्युषण महापर्व पर प्रवचन देती साध्वी चरितार्थ प्रभा।